# भाजपा ऑफिस पर सभा फिर पैदल कूच कर दी गिरफ्तारियां

## महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा का सचिवालय महाघेराव, कार्यकर्ताओं का उमड़ा जनसैलाब : सी.पी.जोशी



प्रदेश में बिगडती कानून व्यवस्था और चरम पर पहुंचे भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा की ओर से कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय से पैदल मार्च निकालकर सचिवालय के लिये कूच किया।

- भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने छोड़ा पानी, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा हुए घायल
- 'कांग्रेस का चरित्र घोटालों से लबालब'
- इधर से फाइल डालो, उधर से सोना निकलेगा, लूट सको तो लूट लो, के ढर्रे पर गहलोत सरकार : अरूण सिंह
- रिपीट नहीं डिलिट होगी कांग्रेस सरकार, एक लाख इनाम घोषित करने पर भी ढूंढ नहीं पाएंगे कांग्रेसी विधायक : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर।** प्रदेश में बिगडती कानून व्यवस्था और चरम पर पहुंचे भ्रष्टाचार के खिलाफ अनूठी पोशाक, पोस्टर बैनर और तख्ती लेकर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। प्रदेश कार्यालय के बाहर भाजपा नेताओं ने जयपुर जिले से पहुंचे लोगों को संबोधित किया। इसके बाद भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय से पैदल मार्च निकालकर सचिवालय घेराव के लिए कूच किया। इस दौरान पुलिस ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बैरिकेडिंग लगाकर रोकना चाहा, लेकिन भ्रष्ट गहलोत सरकार के खिलाफ व्याप्त रोष के आगे पुलिस के बैरिकेट भी कमजोर पड़ गए।

स्टैच्यू सर्किल पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी देर जोर अजमाईश चलती रही। इसके बाद भाजपा नेता और कार्यकर्ता सचिवालय की ओर आगे बढ़ गए। जहां भ्रष्ट कांग्रेस सरकार का पूतला फूंका और भ्रष्ट गहलोत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन की बौछारें चलाई और भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हल्का लाठीचार्ज भी किया। इसके बाद हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी।

सचिवालय कूच से पहले भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर हजारों की संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि आमजन में सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर गुस्सा है। राजस्थान में भ्रष्टाचार की गति विकास से चैगुनी है, प्रदेश में घूसखोरी के मामले 22 प्रतिशत से ज्यादा बढे हैं। प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने योजना भवन में मिले कैश और सोने के मामले में सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यहां गहलोत का नया फॉर्मूला आया है, इधर से फाईल डालो, उधर से सोना निकालो।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की महाभ्रष्ट सरकार के खिलाफ रणभेरी बज चुकी है। कांग्रेस सरकार के दो ही काम हैं कुशासन और भ्रष्टाचार। काँग्रेस 60 साल से यह नारा लगाती आ रही है काँग्रेस आयेगी गरीबी मिटेगी। गरीबी देश की नहीं, सिर्फ काँग्रेस के नेताओं की मिटी वह भी भ्रष्टाचार कर करके। काँग्रेस सरकारों के जीप घोटोले और बोफोर्स घोटाले का हवाला देते हुए कहा कि जिस सरकार का श्रीगणेश ही भ्रष्टाचार से होता है उस पर प्रदेश की जनता कैसे विश्वास कर सकती है। प्रदेश में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है। युवा, किसान और आम जनता इस भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है। पेपर लीक घोटाला, अवैध बजरी घोटाला, सरकारी ऑफिसों में करोडों रूपये मिलने का घोटाला, परिवहन में घोटाला, इतने घोटाले हुये कि प्रदेश आज घोटालों का गढ़ बन चुका है।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुए कहा कि जहां-जहां आपका पसीना गिरेगा वहां खून का कतरा कतरा बहा देंगे। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ललकारते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी जंग शुरू हो चुकी है। सर से नख तक भ्रष्टाचार में डूबी अली बाबा 40 चोरों की सरकार रीट भर्ती में घोटाला करती है, उसके बाद जब अभ्यर्थी प्रदर्शन करते हैं, तो उनपर लाठीचार्ज और वाटर कैनन चलाती है, शहीदों की वीरांगनाओं पर लाठीचार्ज करती है। राठौड़ ने कहा कि अन्नपूर्णा किट घोटाला, बिजली खरीद घोटाला, किसानों को बिजली ना देना ये सारे कारनामें जनता नहीं भूलेगी। उन्होंने कहा कि जैसे चेचक रोग को समाप्त करने के लिए मुहिम चलाई गई थी, कि चेचक रोगी लाओ दस हजार रूपए पाओ उसी तरह कांग्रेस की स्थिति होगी। अगले चार महिने बाद एक लाख रूपए लो कांग्रेसी विधायक ढूंढकर दिखाओ जैसी मुहिम चलेगी।

राज्यसभा सांसद किरोडी लाल मीणा ने अपने संबोधन में गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि पेपर लीक मामले में गहलोत सरकार ने जांच के बाद डीपी जारोली क्लीन चिट दे दिया। प्रदेश में सोलह प्रतियोगी परीक्षाऐं हुई और सभी के पेपर लीक हो गये। इसके अलावा आईटी सेक्टर में पांच हजार करोड़ का घोटाला पाया जाता है, जिसकी एसीबी में जांच के लिए सरकार से स्वीकृति मांगे जाने पर मना कर दिया जाता है।

पुलिस की बर्बरता का शिकार हुये भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा को घायल अवस्था में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा बैरिकेटिंग तोड़कर सचिवालय की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे थे, वहीं पुलिसकर्मियों से हुई झड़प के दौरान शर्मा को काफी चोटें आईं। इसके अलावा भाजपा युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ताओं को चोटें लगी हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए एसएमएस अस्पताल ले जाया गया।

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि भजनलाल शर्मा को कार्डिक आईसीयू में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि भजनलाल को प्रदर्शन के बीच घबराहट होने व उल्टी होने पर एसएसएस लाया गया। यहां जांच करने पर उनका बीपी और पल्स रेट अधिक हो रही थी। इस पर उन्हें कार्डिक आईसीयू में भर्ती किया गया। देर रात तक उनका बीपी व पल्स नॉर्मल हो गए थे। ऐतियात के तौर पर उनकी ईसीजी व अन्य जांच करवाई गई है। फिलहाल उनका इलाज जारी है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य लोग कुशलक्षेम लेने के लिए एसएमएस अस्पताल पहुंचे।


इन नेताओं ने भी संबोधित किया उनमे राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, रामचरण बोहरा, जसकौर मीणा, राजेन्द्र गहलोत, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा, कालीचरण सराफ, अशोक लाहोटी, निर्मल कुमावत, संजय शर्मा, मनजीत चैधरी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, अरूण चतुर्वेदी, राजपाल सिंह शेखावत, मोहनलाल गुप्ता, सुरेन्द्र पारीक, प्रेमचन्द बैरवा, ज्ञानदेव आहुजा, कन्हैयालाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, लक्ष्मीकान्त भारद्वाज, श्रवण सिंह बगडी, महेन्द्र यादव, श्याम अग्रवाल और नगर निगम महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्नावट, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, जयपुर शहर राघव शर्मा, जयपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष रामानन्द गुर्जर, जयपुर उत्तर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा सहित सभी मोर्चों के प्रदेशाध्यक्षों ने संबोधित किया।

## शहीद भंवरलाल भाकर को नमन किया

**जयपुर।** कारगिल युद्ध के शहीद एवं वीर चक्र प्राप्त शहीद सूबेदार भंवर लाल भाकर की शहादत की 24वीं वर्षगांठ पर नागौर जिले के डीडवाना तहसील में स्थित उनके पैतृक गांव थेबड़ी में सोमवार शाम को आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्प एवं मालाएं अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी शहादत को नमन एवं सलाम किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक चेतन डूडी ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और नमन किया। इसी तरह तहसीलदार मूलचंद उज्ज्वल, पूर्व प्रधान जालाराम भाकर, खोजास गांव के सरपंच रामनिवास रायल, पूर्व कैप्टेन रुपाराम, पूर्व सैनिक देवाराम एवं अन्य कई पूर्व सैनिकों तथा मार्बल व्यवसाई दीनाराम डूडी एवं भूराराम सहित कई लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शहीद की पत्नी एवं वीरांगना गोगी देवी, शहीद की मां करीब सौ वर्षीय चूंकी देवी, उनके पुत्र तिलोकराम एवं रामूराम, शहीद के भाई मनरुपाराम , शहीद की बहु सुनीता एवं सरोज सहित परिवार के सदस्यों के अलावा रिश्तेदार एवं थेबड़ी गांव के अलावा आस पास के गांवों के कई लोगों ने शहीद को नमन किया। इस अवसर पर प्रसादी एवं रात्रि जागरण कार्यक्रम भी किया गया। उनकी वर्षगांठ पर हर वर्ष मेला जैसा लगता और इसमें आने वाले युवा उनकी शहादत से प्रेरणा पाते हैं। यहां युवा शहीद की बरसी के अलावा भी अन्य दिन भी आकर उन्हें नमन करते हैं।

## 'शारीरिक व मानसिक विकास के लिए योग जरूरी'



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय जयपुर की ओर से सोमवार को महालेखाकार कॉलोनी, बजाज नगर, जयपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**जयपुर**, (का.सं.)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय जयपुर द्वारा आज महालेखाकार कॉलोनी, बजाज नगर, जयपुर में योग दिवस काउंटडाऊन के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता एंव योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे भारतीय लेखा एंव लेखा परीक्षा विभाग, कार्यालय प्रधान महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर के अधिकारी एंव कर्मचारियो ने सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधान महालेखाकार के. सुब्रमण्यम, महालेखाकार रामावतार शर्मा, वरिष्ठ उपमहालेखाकार मीना कुमारी मीणा, उपमहालेखाकार प्रतिभा सिंह, केन्द्रीय संचार ब्यूरो के संयुक्त निदेशक रामखिलाड़ी मीणा, सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा एंव संतोष वेंकटरमन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे प्रधान महालेखाकार ने योग की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए योग का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि पहले आम जन को योग के बारे मे इतनी जानकारी नही थी लेकिन पिछले 9 वर्षो से देश मे ही नही विदेशों मे भी योग का महत्व बढा है। योग के बारे मे आम जन को जागरुक करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम उपयोगी साबित हुए है। उन्होने उपस्थित सभी अधिकारी एंव कर्मचारियो से योग को अपनी दैनिक जीवनशैली मे अपनाने की अपील की।

# 'वसुंधरा और पूनिया का नहीं आना भाजपा के मनभेद को उजागर कर गया'

**जयपुर,** (का.प्र.)। भाजपा के सचिवालय पर किये गये प्रदर्शन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर 30 हजार लोगों द्वारा सचिवालय के घेराव की घोषणा के बावजूद 1500 से अधिक लोग भी नहीं जुट सके। उन्होंने कहा कि मंच से कोई भी नेता ने राजस्थान सरकार की किसी भी योजना अथवा निर्णय के विरूद्ध नहीं बोला, क्योंकि भाजपा राजस्थान सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं के खिलाफ कमी नहीं निकाल सकी।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता चुनावी वर्ष में भी अपनी एकता प्रदर्शित नहीं कर सके तथा आज के कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने दूरी बनाई। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं में मतभेद नहीं मनभेद हैं जो खुलकर प्रदर्शित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दावा करने वाली भाजपा के मंच से एक भी ओबीसी नेता को अपनी बात रखने का अवसर प्रदान नही किया गया।

डोटासरा ने कहा कि हाल ही कर्नाटक प्रदेश में हुई हार से बौखलाकर भाजपा के नेता राजस्थान प्रदेश में गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य दे रहे हैं तथा राजस्थान की लोककल्याणकारी कांग्रेस सरकार के विरूद्ध झूठे आरोप लगाने की कुचेष्टा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता झूठे आरोप लगाकर राजस्थान की जनता एवं राजस्थान कार्यपालिका का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता सरकार आने का बताकर सरकारी कर्मचारियों को धमकी देने का कार्य भी कर रहे हैं जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता पिछले डेढ़ वर्ष से ईडी की कार्यवाही का राग अलाप रहे थे और अब प्रदेश में ईडी के आने से यह मुद्दा भी समाप्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के भाषण से साबित हो गया है कि भाजपा के पास राजस्थान की लोककल्याणकारी सरकार के विरूद्ध कोई मुद्दा शेष नहीं रहा है जिस कारण प्रदेश में लग रहे मंहगाई राहत कैम्प एवं राजस्थान सरकार द्वारा दिये जाने वाली दस गारंटी के विरूद्ध बोलने के लिये उनके पास कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट लागू हो गये, प्रदेश में कोई एंटी इनकमबैंसी नहीं हैं, इसलिये आगामी चुनावों को लेकर भाजपा के नेता भयग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि खेमों में बंटी हुई भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने की बात कहती है किन्तु हाल ही में अन्य राज्यों में हुये चुनावों से साबित हो गया है कि मोदी के चेहरे की चमक फीकी पड़ गई है। उन्होंने कहा कि सचिवालय में लोक सेवक द्वारा किये गये अपराध पर राजस्थान सरकार ने त्वरित कार्यवाही करते हुये अपराधी को पकड़ा तथा आला अधिकारियों ने तुरंत समस्त जानकारी पत्रकारों के समक्ष रखकर जनता को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आरपीएससी के सदस्य के अपराध के विरूद्ध जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने तुरंत कार्यवाही की, ऐसा उदाहरण मोदी सरकार अथवा पूर्ववर्ती भाजपा शासन में नहीं मिलता है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा शासन के दौरान खनन् घोटाले के आरोपी को गिरफ्तार करवाने के लिये दिल्ली तक कांग्रेस को आन्दोलन करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि यदि पूर्ववर्ती भाजपा शासन में गड़बड़ी नहीं हुई थी तो आवंटित खानों को निरस्त क्यों किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा किया गया आज का प्रदर्शन पूर्णतया असफल रहा तथा भाजपा नेताओं के भाषण के दौरान 90 प्रतिशत कुर्सियां खाली रही जो इस बात का द्योतक है कि राजस्थान की जनता ने भाजपा से दूरी बना ली है।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के पी.एस.ओ. की पिस्टल चोरी

**जयपुर** (कासं)। सचिवालय घेराव के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी के पी.एस.ओ. महेन्द्र मीणा की पिस्टल चोरी हो गई। जिसकी शिकायत अशोक नगर थाने में दर्ज कराई गई है। शिकायत के अनुसार पीएसओ ने कहा है कि उसकी पिस्टल किसी अज्ञात व्यक्ति ने निकाल ली है। शिकायत में बताया गया कि जब रैली स्टैच्यू सर्किल पहुंची और भीड़ पर जब वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया, तब भीड़ के तितर-बितर होने के दौरान उनकी सरकारी पिस्टल चोरी हो गई।

## सोने के तस्कर को सजा

**जयपुर।** आर्थिक अपराध मामलों की विशेष एसीएमएम कोर्ट ने मस्कट से बिना सीमा शुल्क चुकाए सोना और विदेशी घडियों की तस्करी करने वाले अभियुक्त सैयद अहमद अल्ताफ को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने कर्नाटक निवासी इस अभियुक्त पर 40 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि जुर्माना अदा नहीं करने पर अभियुक्त को डेढ़ माह की सजा अतिरिक्त भुगतनी पड़ेगी।

## प्रदेश में मंगलवार को कोई नया संक्रमित नहीं मिला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। हालांकि अभी राज्य में 17 संक्रमितों का इलाज जारी है। प्रदेश में मंगलवार को करोना से और राहत मिली है। इस दौरान राज्य में न कोई नया संक्रमित मिला और न ही किसी मरीज की मौत हुई है।

# उत्तरप्रदेश में डॉ. सतीश पूनिया ने कहा, "कांग्रेस ने किसानों से झूठ बोला"

## पुराना मिथक टूटेगा, मैनपुरी, संभल, अमरोहा, मुरादाबाद सहित उत्तर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें 2024 में भाजपा अच्छे बहुमत के साथ जीतेगी : डॉ. पूनिया



उत्तरप्रदेश के सम्भल लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रबुद्धजन से संवाद किया और जनसभा को संबोधित किया।

**सम्भल/जयपुर।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तरप्रदेश के सम्भल लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने प्रबुद्धजन से संवाद किया और जनसभा को संबोधित किया। बुधवार को मैनपुरी में प्रबुद्धजन सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन और जनसभा को संबोधित करेंगे।

डॉ. पूनिया ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, एक तो वह वक्त था जब कारसेवकों पर गोलियां चल रही थी, उस समय कोई अंदाज नहीं लगा सकता था कि क्या वक्त होगा, क्या भगवान राम की महिमा उन्हीं के जन्म स्थान पर हो पायेगी, लेकिन देश ही नहीं पूरी दुनिया ने देखा कि हमने अपने आराध्य भगवान श्रीराम की जन्मभूमि को महिमामंडित किया और दुनिया देखेगी कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का शुभारंभ करेंगे। कांग्रेस को 55 साल तक राज करने का अवसर मिला, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता को धन्यवाद दूंगा की कांग्रेस के पाखंड को और नकाब को खींच डाला और कांग्रेस पार्टी को मुख्य विपक्षी दल बनने के लिए भी तरसा दिया। उनको जगह मिली केरल के वायनाड में और रायबरेली और अमेठी की जनता ने भी कांग्रेस से पीछा छुड़ा लिया। राजस्थान से आया हूं जो शौर्य और वीरता की भूमि है, यह धरती उत्तर प्रदेश के तमाम उन शूरवीरों को नमन करती है, यह धर्म, संस्कृति, विरासत और अध्यात्म की धरती है।

उन्होंने कहा कि मैं राजस्थान से हूं और कांग्रेस के अंतरराष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने 2018 में राजस्थान के किसानों से वादा किया था 10 तक गिनती गिनूंगा और राजस्थान के किसानों का सारा कर्जा माफ हो जाएगा, आज पंद्रह सौ से ज्यादा दिन हो गए, इस देश में किसानों से वादाखिलाफी करने वाली कांग्रेस पार्टी है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और मुझे पार्टी ने आदेश दिया और यहां आप लोगों के बीच में भेजा, तो मैंने यहां देखा कि 2019 में मैनपुरी, संभल, अमरोहा और मुरादाबाद इन चारों ही लोकसभा सीटों पर हमें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन चारों ही सीटों पर कार्यकर्ताओं की मजबूत इच्छाशक्ति देखता हूं, भीषण गर्मी में बहजोई की इस जनसभा ने यह संकेत तो साफ दे दिया है कि पुराना मिथक टूटेगा इन चारों लोकसभा सीटों सहित उत्तर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें 2024 में भाजपा अच्छे बहुमत के साथ जीतेगी, देशभर में भाजपा एनडीए की ऐतिहासिक जीत के साथ नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

## जयपुर और उदयपुर रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था, हाईकोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर और उदयपुर रेलवे स्टेशन सहित उदयपुर जाने वाली ट्रेन में अव्यवस्थाओं को लेकर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया है। इसके साथ ही अदालत ने अजमेर और जयपुर डीआरएम को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने इस आदेश मामले में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए दिए। अदालत ने मामले की सुनवाई चार जुलाई को तय करते हुए उदयपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को कहा है कि वह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट या रेलवे मजिस्ट्रेट से इस संबंध में तथ्यात्मक जानकारी लें।

मामले के अनुसार जस्टिस सुदेश बंसल ने 12 जून को सुबह 6.15 की ट्रेन से उदयपुर गए थे। उन्होंने देखा कि जयपुर रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर अनियंत्रित निजी वाहनों के चलते यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

निजी वाहनों को स्टेशन बिल्डिंग के बिल्कुल नजदीक जाने की छूट होने और इन्हें नियंत्रित करने के लिए रेलवे प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। वहीं ट्रेन के अंदर बैठने की सीट, टॉयलेट और गेट आदि का भी उचित रखरखाव नहीं था। उदयपुर पहुंचने पर जस्टिस सुदेश बंसल ने पाया कि वेटिंग हॉल बंद था और मैन्टीनेन्स रजिस्टर भी नहीं था। वहीं स्टेशन मास्टर का ऑफिस भी बंद था। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सहायता के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं थी।

## भाजपा का भ्रष्टाचार पर सचिवालय घेराव, जोशी-राठौड़ का पहला शो फ्लॉप

**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा भ्रष्टाचार को चुनावो में बड़ा मुद्दा बनाना चाह रही है, लेकिन इसकी शुरुआत में शासन सचिवालय को घेराव का जयपुर में पहला प्रदर्शन ही फ्लॉप शो रहा।

खास यह भी है कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ की ताजपोशी के बाद जयपुर में यह पहला प्रदर्शन था। लेकिन दावे के मुताबिक भीड़ नहीं आई। इस प्रदर्शन में जयपुर जिले के भाजपाइयों को ही आना था। मगर जयपुर में आपसी गुटबाजी पर दोनों नेता पार पाने में असफल रहे।

राठौड़ ने तो प्रदर्शन को लेकर पिछले 15 दिनों में जी-जान लगा दी थी, उन्होंने जयपुर जिले की टीम इकाइयों के जिलाध्यक्षों सहित पदाधिकारियों जयपुर के पार्षदों सहित प्रमुख नेताओं की बैठक भी ली थी और सभी को भीड़ लाने का टारगेट भी दिया गया था लेकिन उनकी मेहनत गुटबाजी ने फेल कर दी।

जयपुर में 250 नगर निगम के वार्ड, 33 मंडल और तकरीबन 1800 से अधिक बूथ हैं। अगर भाजपा के कुल पदाधिकारियों की बूथ स्तर तक की टीम भी कार्यक्रम में आ जाती तो तकरीबन 7000 से ज्यादा लोग तो भाजपा के पदाधिकारी ही हो जाते।

लेकिन भाजपा ऑफिस पर हुई सभा में लगाए गए टेंट और मौजूदा भीड़ को देखकर भाजपा के कई प्रमुख पदाधिकारियों और नेताओं ने भीड़ को देखकर असंतोष जाहिर किया। कुर्सियां खाली रहने के कारण सबसे ज्यादा चिंतित राजेंद्र राठौड़ दिखे। उन्होंने मंच से उतरकर पार्टी कार्यालय के अंदर विभिन्न कमरों और कार्यालयों में जमा भाजपाइयों को खुद जाकर बाहर प्रदर्शन के कार्यक्रम में पहुंचने के निर्देश दिए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और राजेंद्र राठौड़ को संभवत: पहले ही इसकी आशंका थी, इसके चलते उन्होंने पहले 7 जून को प्रस्तावित शासन सचिवालय घेराव को स्थगित कर दिया और इसे 6 दिन बाद 13 जून यानी कि मंगलवार को रखने का फैसला किया था। बावजूद इसके अपेक्षित भीड़ नहीं जुट पाई। भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा को तो आसपास के जिलों से आशंकित होकर भीड़ लाने का टारगेट दिया गया था।

किरोड़ी प्रदर्शन के दौरान टोंक, सवाई माधोपुर और दौसा से बसों में भरकर अपने समर्थकों को लेकर यहां पहुंचे थे।

हालांकि सचिवालय घेराव को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के घर जाकर मुलाकात करके आए थे। उसके बाद भी इस घेराव में न तो पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पहुंची और न ही उनके कार्यकर्ता पहुंचे।

वही इसके साथ कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया भी नहीं पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ता आपस में चर्चा करते नजर आए कि दोनों नेताओं ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाने के लिए राज्य के बाहर अन्य कार्यक्रम तय कर लिए हैं।